हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | नीमच

06 नए प्रवेश द्वार, कैंटीन, लर्निंग सेंटर और जिम से ...



07 ज्ञान भारतम मिशन : राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण का...



### व्यापारियों ने समस्याओं के निराकरण की मांग की

# कृषि आदान व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संपूर्ण मप्र में सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। जिसके समर्थन में स्थानीय विक्रेताओं द्वारा भी हड़ताल कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि कृषि आदान विक्रेता संघ देश भर के 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है जोकि 10 वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर लगातार अवगत करवाता आ रहा है। इसके बाद भी इनका निराकरण नहीं होने के कारण सोमवार को पूरे मप्र के कृषि आदान व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर हैं वहीं महाराष्ट्र के व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि खाद पर जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत किया जाए। साथी पोर्टल ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाया जाए और इसकी अनिवार्यता केवल निर्माताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखी जाए। अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे या अधिकृत डीलरों को विनियमित बिक्री की अनुमति दी जाए। खाद, बीज एवं कीटनाशक के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को अपराधी नहीं, बल्कि केवल गवाह माना जाए। चूंकि विक्रेता जिला कृषि अधिकारी से प्राप्त लाइसेंस के आधार पर केवल सीलबंद माल बेचता है, अतः गुणवत्ता की पूर्ण जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए। कंपनियों के लिए पुराने या एक्सपायर्ड स्टॉक को वापस लेना कानूनी रूप से अनिवार्य किया जाए। नए बीज अधिनियम और कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलर को प्रथम पक्ष बनाने के कठोर प्रावधान को शिथिल किया जाए। किसानों द्वारा झूठी शिकायतें करते हुए व्यापारियों को ब्लैकमेल किया जाता है। ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के पहले जिला स्तर पर एक कमेटी बनाई जाए उसके अनुशंसा के बाद ही कार्रवाई की जाए। छोटी-मोटी बातों पर उप संचालक कृषि द्वारा लाइसेंस निलंबित किए जाने पर 21 दिन में स्वतः बहाली का प्रावधान किया जाए। खाद एवं बीज के लाइसेंस की अवधि 5 वर्ष एवं कीटनाशक के लाइसेंस आजीवन है ऐसी स्थिति में हर साल कंपनी के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। कई राज्यों में अनाज और उद्यानिकी के बीजों के लिए अलग-अलग लाइसेंस की प्रक्रिया है जबकि बीज अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है इस प्रथा को समाप्त किया जाए।

ज्ञापन में मांग की गई कि आगामी एक माह में इन समस्याओं के उचित निराकरण हेतु ठोस कदम उठावें अन्यथा हमें आगामी खरीफ सीजन के पूर्व मजबूरी में अनिश्चितकालीन बंद करना होंगे जिससे देश के कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव होने के साथ-साथ किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार के अधिकारियों की होगी। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान कृषि आदान विक्रेता ओम प्रकाश पाटीदार, मोहित फाफरिया, रोड़मल पाटीदार, दौलतराम पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार, हर्ष खंडेलवाल,अशोक मकवाना, जितेंद्र विश्वकर्मा, दिलीप तेजरा आदि उपस्थित थे।

व्यापारियों ने मांग के समर्थन में रखी दुकानें बंद

# गो सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत नगर में निकाली संकीर्तन यात्रा

**गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत नगर में संकीर्तन यात्रा निकाली गई। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने जैसी कई मांग की गईं। नगर के व्यापारियों ने मांगों के समर्थन में अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत विभिन्न मांगों के समर्थन में व्यापारी महासंघ द्वारा सुबह 11 बजे तक नगर बंद का आह्वान किया गया था जोकि पूर्णतः सफल रहा। अभियान अंतर्गत 10 बजे स्थानीय शिवाजी चौराहे से संकीर्तन यात्रा निकाली गई जिसमें एक सुसज्जित बैलगाड़ी भी शामिल थी। क्षेत्र के संतों के सानिध्य में निकली संकीर्तन यात्रा में महिलाएं भजन गाती चल रही थीं वहीं बड़ी संख्या में शामिल पुरुष वर्ग हाथों में गोमाता के संरक्षण संबंधी नारे लिखी तख्तियां लिए हुए थे। संकीर्तन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चौक बाजार पहुंची। जहां नायब तहसीलदार रामगोपाल शर्मा को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए।

ज्ञापन में मांग की गई कि गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित की जाए। गोवंश की तस्करी व गोवंश को संज्ञेय व गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखते हुए राष्ट्र व्यापी सुरक्षा प्रदान की जाए। एकीकृत केंद्रीय गौसेवा एवं संरक्षण अधिनियम बनाया जाए व केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय का गठन किया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर नंदीशाला एवं जिला स्तर पर आदर्श गो अभ्यारण का निर्माण किया जाए। राजमार्गों पर गो वाहिनी एम्बुलेंस एवं ट्रामा सेंटरों की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। स्कूली शिक्षा में गो विज्ञान को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए। चारा सुरक्षा कानून एवं गोचर विकास बोर्ड का गठन किया जाए जैसी मांग की गईं।

# पारा 43 डिग्री: गर्मी से आमजन बेहाल, सुबह से चल रही गर्म हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





सूरज के सख्त हुए तेवरों से लोग हलाकान हो रहे हैं। दोपहर के साथ-साथ अब सुबह से ही तपन होने लग गई है। तापमान देखकर ऐसा लगता है मानो सूरज आग उगल रहा है। ऐसे में लोगों को तमतमाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं वैसे वैसे ही तापमान में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। इसके साथ ही सुबह से ही लू चलना शुरू हो गई है। दोपहर में लू के थपेड़ों के बीच बिना चश्मे और मुंह पर कपड़ा बांधे घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। घरों में पंखे भी गर्म हवा देने लगे हैं। अप्रैल माह के अंतिम दिनों में ही गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है। मंगलवार को पारा 43 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं गर्म हवाओं से आमजन परेशान हो गए। सुबह से ही गर्म हवाएं चलना प्रारंभ हो गई थी जो गर्मी बढ़ने का एहसास करवा रही थी।

**बाजार में पसरा रहा सन्नाटा-** भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। शादी ब्याह के इस सीजन में आवश्यक खरीदी करने वाले ही दोपहर के समय सड़कों से गुजरते दिखाई दे रहे थे वे भी लू से बचने के सारे जतन के साथ दिखाई दे रहे थे।

### करोड़ों के सामुदायिक शौचालय बंद, पानी की टंकी, सीट, नल, वॉश बेसिन गायब

**सीहोर।** जिले के गांवों में करोड़ों रुपये खर्च कर सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाए गए हैं, लेकिन ये सार्वजनिक शौचालय ताले में कैद हैं। हाट बाजारों में आने वाले व्यापारी, किसान और मुसाफिर इन्हें देख तो सकते हैं, पर इनका उपयोग नहीं कर पाते। ऐसे में ये सार्वजनिक शौचालय केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। शासन के करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद, इन परिसरों में रेत, गिट्टी, लकड़ी, कंडे और कृषि उपकरण रखे हुए हैं। कई गांवों में लोगों ने इनमें मवेशी बांध रखे हैं, तो कहीं निर्माण सामग्री रखी है। इस कारण ये अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। जिलेभर में 380 सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाए गए हैं, जिनके लिए प्रत्येक परिसर हेतु 3 लाख 44 हजार की राशि पंचायतों को आवंटित की गई थी। सरपंच-सचिवों की लापरवाही के कारण ये सार्वजनिक शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं। ग्राम पंचायत मुस्करा के सामुदायिक स्वच्छता परिसर में ताले लगे हैं और ग्रामीणों ने यहां गोबर के कंडे रख रखे हैं।

# शासन स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ

**नलखेड़ा।** शासन स्थापना दिवस पर नवरत्न परिवार और श्री संघ नलखेड़ा के तत्वावधान में जैन मंदिर तथा दादावाड़ी में ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थिति थे। वैशाख सुदी ग्यारस के दिन प्रभु महावीर ने अपनी वाणी से मनुष्य को सर्व विरती, देश वीरती धर्म का उपदेश दिया और चतुर्विध श्री संघ की स्थापना कर हम सब के आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त कर उपकार किया है। तभी से जैन समाज द्वारा इस दिन शासन स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। सोमवार को जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्री संघ एवं मालवा महासंघ, नवरत्न परिवार नलखेड़ा के तत्वावधान में शासन स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। चौक बाजार स्थित श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर में ध्वजारोहण समाजजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज जनों तथा महिलाओं ने भगवान महावीर द्वारा स्थापित किए गए शासन स्थापना पर गीत व ध्वज वंदना की गई। मंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद गुदरावन मार्ग स्थित दादावाड़ी में ध्वजरोहण किया गया, जहां पर दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष जयंत धूपिया, राजेंद्र सकलेचा आदि ने शासन स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण किया।





### गो माता की सुरक्षा-सम्मान के लिए रैली निकाली, ज्ञापन दिया

# सैकड़ों धर्म प्रेमी एक स्वर में बोले- गो माता को राष्ट्रमाता का दिया जाए दर्जा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पूरे देश में गो माता की हो रही दुर्दशा को लेकर चिन्तित संत समाज के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों धर्मप्रेमीजनों ने रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौंपा।

सभी ने एक स्वर से मांग की है कि गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए और उनकी सुरक्षा-सम्मान के लिए शीघ्र ही समुचित कदम उठाए जाएं। पूरे देश में गो वध को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। पिछले कई दिनों से शहर में गो सेवा सम्मान का अभियान चलाया जा रहा है, शहर के सभी प्रसिद्ध संतजनों द्वारा इस अभियान को पूरी गति प्रदान की गई और राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे महाअभियान में हजारों लोगों को रजिस्ट्रेशन करवाकर जोड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शहर के गीता मानस भवन में सैकड़ों की तादाद में धर्मप्रेमीजन इकट्ठा हुए और गौ माता की सुरक्षा-सम्मान के लिए नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली में प्रमुख रूप से श्रीश्री 1008 संत श्री उद्धवदास महाराज त्यागीबाबा, श्रीश्री 108 महंत श्री हरिरामदास जी हंसदास मठ मंदिर, सीताराम आश्रय के महंत श्री नरेश तिवारी, अयोध्या के संत श्री विशम्भरदयाल जी, संत उत्तमदास जी सहित धार्मिक संगठनों से जुडे. अनेक जन शामिल हुए।

रैली में युवाजन एवं महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। कलेक्ट्रेट में संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सभी ने एक स्वर में गौ माता की सुरक्षा एवं सम्मान बहाल करने की मांग को लेकर नारेबाजी की और आग्रह किया कि शीघ्र ही गो माता की सुरक्षा के लिए केन्द्र और राज्य सरकार सभी आवष्यक कदम उठाए। संतजनों ने बताया कि गो माता की सुरक्षा-सम्मान के लिए राष्ट्रव्यापी आन्दोलन शुरू किया जा चुका है जिसकी पहली कड़ी में आज सभी महत्वपूर्ण पद पर आसीन लोगों के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया है। शीघ्र ही आन्दोलन की अगली कडी में प्रदेश स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के आयोजन प्रस्तावित किए जा चुके है।

सारा संत समाज एकस्वर में गो माता की सुरक्षा-सम्मान के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने का संकल्प ले चुका है।

# आसमान से बरस रही आग: गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड, सड़कों का डामर पिघला, अब 12.30 बजे बंद होंगे स्कूल

### भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूलों का बदला समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजस्थान से आ रही भीषण गर्म हवाओं ने जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अप्रैल माह में ही गर्मी ने अपने रौद्र रूप से पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आलम यह है कि सोमवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे सडक़ों का डामर तक पिघलने लगा है। बच्चों के स्वास्थ्य पर बढ़ते खतरे को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूलों के समय में कटौती के सख्त आदेश जारी किए हैं।

बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने छात्र-छात्राओं के हित में बड़ा निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों का समय अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक ही रहेगा। यह आदेश प्ले स्कूल से लेकर कक्षा 12वीं तक की सभी कक्षाओं पर तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। छोटे बच्चों को राहत देते हुए आंगनबाडिय़ों का समय भी सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक सीमित कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था फिलहाल 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी। हालांकि पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं और मूल्यांकन कार्य अपने तय समय पर ही संचालित होंगे।

**लॉकडाउन जैसे हालात, सडक़ों पर सन्नाटा :** जिले में भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय सडक़ों पर सन्नाटा पसर जाता है। लोग केवल बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, वह भी खुद को सूती कपड़ों से पूरी तरह ढंककर। मौसम विभाग के अनुसार 29 अप्रैल तक राहत की कोई उम्मीद नहीं है और पारा 43.44 डिग्री के आसपास ही बना रहेगा। गौरतलब है कि इससे पहले मई 2024 में तापमान 44.7 डिग्री पहुंचा था, लेकिन अप्रैल में ऐसी गर्मी ने सभी को हैरान कर दिया है।

**गुमशुदा**



**तेजस्वी वर्मा**

यहाँ सूचना दी जाती है, कि मैं **राकेश कुमार वर्मा पिता स्व. श्री केवलराम वर्मा, निवासी- प्रकाश किराना स्टोर के पास, तुलसी नगर, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.)** मेरी नाबालिक **पुत्री तेजस्वी वर्मा, उम्र-14 वर्ष, दिनांक 21.03.2026** को घर से **शाम 8:30** को बिना किसी को बताए कहीं चली गयी है। जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आयी है। हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा बोलती है। जिस किसी व्यक्ति को पता व घर लाने वाले को **उचित ईनाम** दिये जाये गये जिससे भी पता चले तुरंत सम्पर्क करें।

**राकेश कुमार वर्मा**
**पता- तुलसी नगर, गुढ़ियारी रायपुर**
**मो. नं. - 88188 61658**

खबर संक्षेप

## खाटू श्याम मंदिर में बाबा का अलौकिक श्रृंगार



**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम के मंदिर में मोहिनी एकादशी पर भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर में खाटू श्याम बाबा का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार उज्जैन से आए सुगंधित फूलों से किया गया, जिसने पूरे परिसर को दिव्यता से भर दिया। विधि-विधान के साथ बाबा श्याम की पूजा-अर्चना कर उन्हें 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। भोग आरती के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित श्याम प्रेमियों ने भक्तिमय वातावरण में अपने आराध्य के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पवित्र ज्योत में आहुति देकर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं। इसके पश्चात बाबा श्याम की भव्य महा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें पूरा मंदिर ₹श्याम नाम₹ के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर समिति द्वारा सुचारू दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे सभी भक्तों को सहजता से दर्शन का लाभ मिल सके। इस धार्मिक आयोजन में श्याम शर्मा, ओम प्रकाश बंसल, भरत चौधरी, राजीव खंडेलवाल, प्रदीप साबू, गजेंद्र सोनी, अमित पंडित, विक्रम शर्मा, सुनील कच्छावा, मुकेश चौधरी, आरती तिवारी सहित हजारों श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में मंदिर समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चापडा।** मंगलवार को थाना कमलापुर क्षेत्र में जुआ संचालित होने की सूचना के बाद थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा की टीम द्वारा दबिश देकर मातमोर के नाले से चार लोगो को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। इस दौरान मौके से 8 जुआरी फरार हो गए। उनके कब्जे से कुल नगदी 10150 रूपये,52 ताश पत्ते,चार मोटर साईकिल सहित कुल मशरुका 3,20,150 का जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### पुलिस लाइन में कल्याणकारी योजनाओं की सौगात, एडीजी ने किया शुभारंभ

# नए प्रवेश द्वार, कैंटीन, लर्निंग सेंटर और जिम से पुलिस कर्मियों को मिली सुविधा

### सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु दो नए प्रवेश द्वारों "मां तुलजा भवानी द्वार" एवं "मां चामुंडा द्वार" का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस लाइन परिसर में बुधवार को विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) उज्जैन जोन राकेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) उज्जैन रेंज नवनीत भसीन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया एवं कलेक्टर देवास ऋतुराज सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु दो नए प्रवेश द्वारों "मां तुलजा भवानी द्वार" एवं "मां चामुंडा द्वार" का लोकार्पण किया गया। एडीजी गुप्ता ने फीता काटकर इनका उद्घाटन किया।इसके पश्चात अतिथियों ने नवीन पुलिस कैंटीन का निरीक्षण किया।



इस कैंटीन के माध्यम से पुलिस कर्मियों को दैनिक उपयोग की सामग्री बाजार दर से कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे उनके हित में महत्वपूर्ण पहल माना गया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वातानुकूलित एवं वाई-फाई युक्त "दिशा पुलिस लर्निंग सेंटर" के नवीनीकरण का लोकार्पण भी किया गया। यह केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण मिलेगा। इसके अलावा पुलिस बल की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए पुलिस जिमनेजियम का भी शुभारंभ किया गया, जो कर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक होगा।अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं पुलिस कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कार्यक्षमता में सकारात्मक वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# भौंरासा टोल के पास मिनटों में बस बनी आग का गोला

### टला बड़ा हादसा, यात्री सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

मंगलवार शाम करीब 4:30 से 5:00 बजे के बीच भोपाल–इंदौर रोड पर भौंरासा टोल टैक्स के पास एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब चलती यात्री बस में अचानक भीषण आग लग गई।

रीवा से गुजरात के सूरत जा रही इस बस में करीब 45 से अधिक यात्री सवार थे। आग लगते ही कुछ ही मिनटों में पूरी बस आग का गोला बन गई, लेकिन समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के पिछले हिस्से से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। इसी दौरान एक बाइक सवार ने चालक को आग लगने की सूचना दी। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और बिना देर किए सभी यात्रियों को नीचे उतार दिया।

आग इतनी तेजी से फैली कि अधिकांश यात्रियों को अपना सामान तक निकालने का मौका नहीं मिला। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और हालात को नियंत्रित किया। वहीं फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी और केवल ढांचा ही बचा था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# स्वच्छता में लापरवाही पर आयुक्त सख्त, व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने सभी वार्डों के एसआई एवं दरोगाओं से अलग-अलग जानकारी ली। उन्होंने वार्डों में सफाई व्यवस्था, बैकलेन, नाला-नाली सफाई, बैनर-पोस्टर-पैम्फलेट हटाने, गार्डनों की सफाई, सीएंडडी वेस्ट उठवाने, खुली नाली ढंकने, खुले प्लाटों पर कचरे की जानकारी, बर्निंग पॉइंट, रोड स्वीपिंग, जीवीपी कार्य पर फोकस, बैकलेनों का सौंदर्यीकरण, फोकस पॉइंट पर पेवर्स ब्लॉकों की स्थिति, डंप कचरा उठाने सहित प्रतिदिन सफाई को लेकर समीक्षा की। जिस वार्ड में जो कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। वार्ड 9, 29, 31, 32, 34, 35, 37, 38, 39, 40, 42, 12, 13, 6, 7 और 3 में नालियों की सफाई नहीं होना, सीएंडडी वेस्ट पड़ा होना, निर्माण कार्य को ग्रीन नेट से नहीं ढंकवाया जाना, प्रमुख चौराहों की दीवारों से पैम्फलेट नहीं हटाना, वार्डों में कचरा पॉइंट पाया जाना आदि व्यवस्थाओं को लेकर दरोगाओं द्वारा रुचि लेकर कार्य नहीं करने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा एक सप्ताह में



व्यवस्थाएं पूरी सुधारने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जिन स्थानों पर कचरा डंप था तथा बर्निंग पॉइंट पर सुधार कर फोटो सहित रिपोर्ट देने को कहा।

### सेवा समाप्त की चेतावनी

आयुक्त के निरीक्षण में वार्ड 15, 21, 22, 24, 25 में सड़कों पर कचरा पाये जाने पर दरोगाओं को सख्त हिदायत दी तथा पुनः कार्य में लापरवाही होने पर वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। वहीं वार्ड 36 में सफाई के दौरान दरोगा द्वारा पुनः लापरवाही करने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी। इसी प्रकार वार्ड 39 में कचरा पॉइंट पर दोनों समय कचरा संग्रहण वाहन खड़ा करने के निर्देश दिए। कुछ वार्डों में दरोगा एवं सफाई मित्रों के द्वारा निर्धारित समय से कम समय सफाई की जा रही है। इसको लेकर आयुक्त ने वार्डों में प्रातः निर्धारित समय से 10 बजे तक कार्य करना, नालियों की शत प्रतिशत सफाई, स्वीपिंग मशीन से रोड सफाई, लिटर पिकिंग, खाली प्लाट कचरा मुक्त, निर्माण कार्यों में नेट बनवाना, वार्डों में पड़े सीएंडडी वेस्ट उठवाना एवं चालानी कार्रवाई करना, मेन होल ठीक करवाना, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर्स हटवाना, ब्लॉकों की रिपेयरिंग करवाना, गार्डनों में प्रतिदिन सफाई, कंपोस्ट पिट रिपेयर एवं उसका उपयोग करना, गार्डनों में भी लिटरबिन लगाना, बर्निंग पॉइंटों पर फोकस, चेम्बरों की सफाई, व्यर्थ पानी बहाने पर चालानी कार्रवाई करना, अमानक पॉलिथीन पर चालानी कार्रवाई, सेग्रीगेशन में और सुधार करना, सीटी-पीटी तथा यूरिनल की सफाई पर पूरी तरह से कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एसबीएम प्रभारी सौरभ त्रिपाठी व जगदीश वर्मा को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# जिला पंचायत अटारिया की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला पंचायत देवास की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष जिला पंचायत लीला अटारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक के पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। इस दौरान जिले में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिले में चलाये जा रहे ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के तहत जिले में किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा द्वारा दी गई। बैठक में सभी ने जल शपथ भी ली।बैठक में सांसद प्रतिनिधि/विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य रूपसिंह धाकड़, कमल वास्कले, रमण कलम, शिवम चौधरी एवं अन्य जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

# नन्हें वैज्ञानिकों की बड़ी उड़ानः इसरो व श्रीहरिकोटा किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास



श्री सत्य साईं स्कूल, सतवास के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि विद्यालय के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों—आर्यांश सोलंकी, स्पर्श शर्मा, गौरी जारवाल एवं सिमरन गुर्जर—ने अपने शिक्षक अमित कुंडल के मार्गदर्शन में 18वीं विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 में उत्कृष्ट सहभागिता कर शानदार प्रदर्शन किया। यह शैक्षणिक यात्रा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST), भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन के संरक्षण में आयोजित की गई।

जिसमें चयनित विद्यार्थियों को देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण कराया गया।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का भ्रमण किया, जहां उन्होंने लॉन्च पैड, रॉकेट प्रक्षेपण प्रक्रिया एवं मिशन कंट्रोल सिस्टम को नजदीक से समझा।साथ ही इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क की 32 मीटर एंटीना सुविधा ने अंतरिक्ष संचार की तकनीकों को सरल रूप में समझाया।

इसके अलावा विद्यार्थियों ने बिरला तारामंडल (चेन्नई) तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), बेंगलुरु का भ्रमण कर खगोल विज्ञान, उपग्रह तकनीक और अंतरिक्ष अनुसंधान की बारीकियों को जाना।

संस्था के आशीष कुंडल ने बताया कि देवास जिले से इसरो एवं श्रीहरिकोटा भ्रमण करने वाले दल में उनके विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।समापन समारोह में डॉ. शिवकुमार शर्मा के कर-कमलों से विद्यार्थियों एवं शिक्षक को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान डॉ. अनिल कोठारी सहित कई वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल समन्वयन नीता श्रीवास्तव मैडम द्वारा किया गया, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ।

# जिला अभिभाषक संघ चुनाव समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ के आगामी चुनावों को लेकर मंगलवार को संघ के सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेन्द्र बापट ने सर्वप्रथम अपनी चुनाव समिति के सदस्यों की घोषणा की। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा नवगठित चुनाव समिति के सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

समिति में वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता रघुवीर यार्दी, एम.एम. मोदी, आनंद अधिकारी, राम कुमार श्रीवास्तव, भगवानसिंह गुर्जर, शेरसिंह पटेल, शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, माहेनूर कुरैशी, शालू ठाकुर, उषा बिसेन, चाँदनी सिंह एवं गुड्डू सिलोरिया को शामिल किया गया है।

बैठक के दौरान कई सम्माननीय अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने मुख्य चुनाव अधिकारी बापट एवं उनकी टीम द्वारा लगातार सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए आभार जताया और इस बार भी निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रघुवीर यार्दी ने किया। बैठक के पश्चात उपस्थित सदस्यों के लिए आईस्क्रीम का भी आयोजन किया गया।

### आरआरआर सेंटर का निगम आयुक्त ने किया शुभारंभ, चार बिन प्रणाली पर दिया जोर

# स्वच्छता एवं जल संचय की अभिभावकों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सोमवार को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में संचालक एवं पूरे स्टाफ की उपस्थिति में फीता काटकर आरआरआर सेंटर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त ने उपस्थितजनों को आरआरआर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सेंटर में नागरिक अपने स्तर पर गरीबजनों के हित के लिए तथा स्कूल के बच्चों के उपयोग की वस्तुएं दान कर सकते हैं। जरूरतमंद लोग अपने उपयोग की वस्तुएं इस आरआरआर सेंटर से ले सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से सहयोग की अपील की। इस दौरान स्कूल संचालक सैयद मकसूद अली द्वारा आयुक्त के कर कमलों से छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण कराया गया।

### चार बिन प्रणाली के प्रति किया जागरूक

ओम साईं विजन आईईसी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 7 स्थित इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को चार बिन प्रणाली के माध्यम से कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित पृथक्कीकरण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान गीला, सूखा, सेनेटरी एवं अन्य कचरा को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा कचरा गाड़ी में गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक देने हेतु प्रेरित किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी दी गई एवं इसके स्थान पर कपड़े या कागज के थैले जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की समझाइश दी गई। इसी के साथ स्वच्छता एवं जल संचय को लेकर अभिभावकों को शपथ भी दिलाई गई।

### जल संरक्षण हेतु किया जागरूक

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी के सदुपयोग एवं उसके महत्व के बारे में टीम लीडर अरुण तोमर विशाल जोशी ने सभी को अवगत कराया गया। जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, ओम साईं विजन आईईसी टीम, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सैयद मकसूद अली, महेश सोनी, मिर्जा मुशाहीद बेग, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# भौंरासा में गांव गैर माता पूजन को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा



नगर में आज आयोजित होने वाले गांव गैर माता पूजन को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है। इसी क्रम में मंगलवार को यादव समाज सहित विभिन्न समाजों की महिला मंडलों द्वारा शक्ति माता मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई एमजी रोड पहुंची और वहां से गोया स्थित शीतला माता मंदिर तथा खेड़े पर स्थित शीतला माता मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया और माता को जल अर्पित किया। पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। नगर पटेल द्वारा पूजा-अर्चना के बाद आम नागरिक भी पूजन करेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

**खबर संक्षेप**

### घर के पास बंधी 4 भैंसें चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के रावतयाना बंध इलाके में अज्ञात चोरों द्वारा चार भैंसें चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। रावतयाना बंध निवासी गुडडी पत्नी जगत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल 2026 की रात करीब 2.30 से 3 बजे के बीच वह अपने घर पर सो रही थी। कुछ दूरी पर रामलीला मैदान के पास बंधी उसकी चार भैंसों को अज्ञात चोर खोलकर ले गए। सुबह जानकारी होने पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन भैंसों का कोई सुराग नहीं लग सका। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रशांत राणा को सौंपी गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से हुई बुजुर्ग की मौत, केस दर्ज

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खडेरा में लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने के कारण एक बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खडेरा निवासी कंछेदी पुत्र कल्ले ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे उनके पिता कल्ले खेत पर मौजूद थे, जहां वह रोजाना की तरह देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही देवराज पुत्र फूलचंद ने लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी देवराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लाठी-डंडों से हमला, चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर**। तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम धमना में एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम धमना निवासी मीना वंशकार पत्नी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने खेत पर बने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही आशु अहिरवार, इंद्रपाल अहिरवार, प्रदीप अहिरवार और निक्की अहिरवार बिना किसी कारण उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे, उसके पति जितेंद्र कुमार और उनकी सास मलिदा वंशकार को चोटें आईं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों के डर के कारण वह समय पर थाने में शिकायत नहीं कर सकी। इस मामले में तालबेहट पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### साढ़ूमल में स्थित 109 वर्ष पुरानी संस्था से हुई शुरुआत

# ज्ञान भारतम मिशन : राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण का शुभारंभ

## दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियों का किया गया डिजिटल सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत देशव्यापी राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारम्भ ललितपुर जनपद में हो गया है। इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत जनपद की 109 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित संस्था श्रीमहावीर दिगम्बर जैन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गणेश वर्णी छात्रावास, साढ़ूमल से की गई, जहां सुरक्षित दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ की गई।

योजना से जुड़े पुरातत्व एवं इतिहास प्रेमी फिरोज डायमंड ने विद्यालय पहुंचकर पुस्तकालय में संरक्षित पांडुलिपियों का निरीक्षण कर उनकी जानकारी ज्ञान भारतम् ऐप पर अपलोड की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सैकड़ों वर्ष पुरानी अनेक दुर्लभ पांडुलिपियां सुरक्षित हैं, जो भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। शासन के निर्देशानुसार इस योजना के अंतर्गत जिले के निजी एवं सरकारी पुस्तकालयों, संग्रहालयों, शिक्षण संस्थानों, शोध संस्थानों, संस्कृत पाठशालाओं, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरुकुलों तथा ट्रस्टों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निजी संग्रहकर्ताओं, पुरोहितों, धर्माचार्यों, ज्योतिषाचार्यों, आयुर्वेदाचार्यों तथा संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के विद्वानों के पास सुरक्षित निजी संग्रह भी चिन्हित कर ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया जाएगा। विशेष पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित संग्रहकर्ताओं के पास सुरक्षित रहेगा तथा केवल डिजिटल अभिलेखीकरण किया जाएगा।

### भारत की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर लाने का संकल्प

विद्यालय ट्रस्टी एवं जैन दर्शन-प्राकृत भाषा मनीषी डा.सुनील जैन ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन भारत की समृद्ध पांडुलिपि परंपरा को संरक्षित करने की अत्यंत महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य देशभर में बिखरी पांडुलिपियों की पहचान करना, उनका सूचीकरण करना, वैज्ञानिक संरक्षण देना तथा उन्हें एक केन्द्रीय डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह मिशन भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को नई दिशा देगा। पहल विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप है।

### विद्यालय परिवार ने किया सहयोग

इस अवसर पर विद्यालय ट्रस्टी देवेंद्र जैन, गृहपति पं.संतोष शास्त्री, प्रधानाचार्य अभिषेक शास्त्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने विद्यालय में सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी उपलब्ध कराई तथा सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान किया। हीरा निधि के प्रमुख देवेंद्र जैन ने हीरा निधि में उपलब्ध महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का अवलोकन करते हुए प्राचीन लिपि एवं उनके सार से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुरातत्व विभाग झांसी एवं ललितपुर की संयुक्त टीम ने नगर स्थित अभिनंदनोदय तीर्थक्षेत्र पहुंचकर नगर में उपलब्ध पांडुलिपियों की भी जानकारी ली थी एवं डिजिटलाइज किया।

# आंधी-तूफान से सोलर पैनल क्षतिग्रस्त, मूंग की सिंचाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद के मड़ावरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पटना मड़ावरा में 27 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। अचानक आए तेज हवाओं के झोंकों और गडग़ड़ाहट के कारण कई किसानों के सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई है। जानकारी के अनुसार किसान मुन्ना पुत्र चंदू तथा भगवत पुत्र झगडू समेत कई किसानों के सोलर पंप सिस्टम तूफान की चपेट में आकर टूट गए।

सोलर पैनल खराब होने से पंप बंद हो गए हैं, जिससे खेतों में खड़ी मूंग की फसल को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित किसानों का कहना है कि सोलर पंप ही उनकी सिंचाई का मुख्य साधन है, जिसके बंद हो जाने से वह असहाय हो गए हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए तथा सोलर पैनलों की मरम्मत कराई जाए, ताकि फसलों को बचाया जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित राहत दिलाने की अपील की है, जिससे किसानों को इस संकट से उबारा जा सके।

### आकाशीय बिजली का कहर : बिल्ला और गुगरवारा में दो ट्रांसफार्मर फुंके, ग्रामीण परेशान

**ललितपुर**। ग्राम बिल्ला और गुगरवारा में सोमवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से भारी नुकसान हुआ है। अचानक बदले मौसम के मिजाज और तेज गरज-चमक के साथ हुई बारिश के दौरान बिजली की चपेट में आने से दो प्रमुख ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सोमवार की रात अचानक मौसम ने करवट ली और देखते ही देखते आसमान में घनघोर बादल छा गए। तेज गर्जना और बिजली की चमक के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से क्षेत्र के विद्युत तंत्र को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस घटना में ग्राम बिल्ला में लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर और गुगरवारा में लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर फुंक गया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण संबंधित गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

### बीजेपी की सांगठनिक बूथ मैपिंग बैठक सम्पन्न

**ललितपुर**। भारतीय जनता पार्टी की मण्डल पूराकलां की एक सांगठनिक बैठक पूराकलां में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूराकलां मण्डल अध्यक्ष सोवरन सिंह लोधी ने की एवं संचालन मण्डल महामंत्री विनोद दीक्षित ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित हरिश्चंद्र रावत उपस्थित रहे ।बैठक में बूथ मैपिंग की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि यह बैठक बूथ जीतो चुनाव जीतो की अवधारणा के साथ की जा रही है। उन्होंने कहा कि बूथ मैपिंग की अवधारणा के तहत हमें हर बूथ का भोगोलिक और एतिहासिक अध्यन कर संरचना का निर्माण करना होंगा। उन्होंने कहा कि हमें डेटाबेस कलैक्ट कर बूथ कमेटियों को सक्रिय रखना होगा । उन्होंने कहा कि हमारा मूल मंत्र है कि बूथ जीतो , चुनाव जीतो यानि कि किसी जंजीर की एक कड़ी जितनी मजबूत होगी वह जंजीर भी उतनी मजबूत होगी । उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे एक मत होकर बूथ मैपिंग कार्यक्रम में जुट जायें। इसके अलावा जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार कुशवाहा नझाई ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।अन्त में मण्डल अध्यक्ष सोवरन सिंह लोधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर भोंड़ेले,पूर्व जिला महामंत्री बलराम सिंह लोधी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील अग्निहोत्री, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, निवर्तमान अध्यक्ष मुलायम सिंह लोधी आदि मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालय समय परिवर्तन के लिए बीएसए को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर**। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में भीषण गर्मी एवं लू को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत नन्हें-मुन्हें बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए विद्यालयों के समय परिवर्तन हेतु सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक करने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीएसए रणवीर सिंह को सौंपा गया। इसके सम्बन्ध में बीएसए ने सकारात्मक आश्वासन दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, ब्लॉक जखौरा अध्यक्ष सत्येंद्र जैन, जिला संगठन मंत्री हरिनारायण चौबे, ब्लॉक बार अध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया, ब्लॉक बिरधा उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद, अविनेश कुमार मौजूद रहे।

# रेडक्रॉस ने लगाया नि:शुल्क कैंसर रोग निदान शिविर

## 150 मरीज लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पिसनारी स्थित एक क्लीनिक में डा.गजेंद्र सिंह की पूज्यनीय माताजी की स्मृति में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में एक विशाल हेड एंड नेक कैंसर रोग शिविर निशुल्क का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन फीता काटकर सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद द्वारा किया गया।

शिविर में डा.अमेय बिहानी मेदांता हॉस्पिटल इंदौर कैंसर रोग विशेषज्ञ ने निशुल्क करीब 150 मरीजों को परामर्श की गई। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज ने कहा कि कैंसर मरीजों की सेवा एवं सहायता करना बहुत ही नेक कार्य है। समय-समय पर ऐसे शिवरों का आयोजन होते रहना चाहिए। डा.बिहानी ने कहा कि कैंसर रोग असाध्य नहीं है। बस समय पर सही उपचार मिलना चाहिए।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी सचिव डा.एस.पी.पाठक, चेयरमैन संतोष शर्मा, डा.मनवीर सिंह तोमर, डा.जे.एस. बख्शी, रजनीश चढ्ढा, डा.अजय जैन, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.सनत मोदी, डा.स्वामी प्रसाद, डा.गजेंद्र सिंह, डा.निधि सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी का आभार डा.एसपी पाठक ने जताया। संचालन रेड क्रॉस के वाईस चेयरमैन अजय बरया द्वारा किया गया।

### भीषण गर्मी से अदालतों के समय में परिवर्तन

# एक मई से सुबह 7 बजे से शुरू होंगी न्यायिक कार्यवाही

**ललितपुर**। जिले की अदालतों में काम करने वाले वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों और वादकारियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। जिला न्यायाधीश ने प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए 1 मई 2026 से अदालतों के संचालन के समय में बदलाव की घोषणा की है। जिला न्यायाधीश कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्रीष्मकालीन समय-सारणी 1 मई 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। यह आदेश ललितपुर मुख्यालय के साथ-साथ महरौनी और तालबेहट तहसील की सभी सिविल एवं दांडिक अदालतों तथा उनके कार्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। न्यायालय का समय सुबह 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक, कार्यालय का समय सुबह 06.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक होगा। इसके अलावा भोजनावकाश (लंच) सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक होगा। यह निर्णय जिला बार एसोसिएशन, ललितपुर द्वारा दिए गए प्रस्ताव और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों (पत्र संख्या 6354/2016 और 7356/2019) के क्रम में लिया गया है। जिला न्यायाधीश ने इस आदेश की प्रति जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भेज दी है ताकि कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# जिला उद्योग केंद्र ने अपील की एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना से मिलेगा 25 प्रतिशत तक का अनुदान

**ललितपुर**। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संचालित एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के तहत युवाओं और उद्यमियों को आकर्षक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है।

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन करने की अपील की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। इसमें शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार से जुड़ सकें। योजना के तहत उद्योग, सेवा और व्यवसाय कि तीनों क्षेत्रों में कार्य शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। लाभार्थी को कुल परियोजना लागत का 5 से 10 प्रतिशत तक स्वयं का अंशदान लगाना होगा। इसके बाद शेष राशि बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर पंजीकरण /लॉगिन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है, जिससे इच्छुक व्यक्ति किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो और हस्ताक्षर आदि आवश्यक होंगे। जिला उद्योग केन्द्र द्वारा बताया गया है कि इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पहुंचकर योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग ने जनपद के युवाओं से अपील की है कि वह इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें।

# कानून-व्यवस्था को मिलेगी नई धार ललितपुर के थानों में 402 पुलिसकर्मी तैनात

**ललितपुर**। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, चुस्त-दुरुस्त और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बड़ा निर्णय लिया है। जिले के सभी 17 थानों में पुलिस बल की कमी को दूर करने और नव-नियुक्त पुलिसकर्मियों को फील्ड का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए कुल 402 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह तैनाती केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य नए पुलिसकर्मियों को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करना भी है। इससे थानों में पुलिस की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था और आम जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में तेजी आएगी।

जारी आंकड़ों के मुताबिक तैनात किए गए 402 पुलिसकर्मियों में 309 पुरुष रिक्रूट आरक्षी और 93 महिला रिक्रूट आरक्षी शामिल हैं। प्रमुख थानों में कोतवाली में सर्वाधिक 81 पुलिसकर्मी (73 पुरुष, 08 महिला) तैनात किए गए हैं। वहीं महरौनी में 36 (29 पुरुष, 07 महिला), मड़ावरा में 31 (25 पुरुष, 06 महिला) और तालबेहट में 40 (32 पुरुष, 08 महिला) पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। महिला थाने में 07 पुलिसकर्मी (02 पुरुष, 05 महिला) आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा जाखलौन, जखौरा, बार, पूराकलां, बानपुर, सौजना, मदनपुर, गिरार, पाली, नाराहट और बालाबेहट समेत जिले के अन्य सभी थानों में भी आवश्यकता के अनुसार पुलिस बल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने सभी तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पहुंचकर पूरी निष्ठा, अनुशासन और तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। फील्ड पर पुलिस की मौजूदगी बढऩे से न केवल पुलिसिंग में कसावट आएगी, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास भी मजबूत होगा।

### रामकृष्ण कुशवाहा फिर से अध्यक्ष चुने गए

# कवि सम्मेलन और मुशायरे में गूंजे एकता और प्रेम के स्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू-अदबी संगम के पुनर्गठन के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व पार्षद एवं पत्रकार शान्तासागर साहू के फार्म हाउस स्थित स्विमिंग पूल परिसर में आयोजित हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

कार्यक्रम में श्रोताओं ने गीतों और गजलों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सीएमएस डा. खेमचन्द्र वर्मा कबीर ने की, जबकि संचालन रामकृष्ण कुशवाहा एड.द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से रामकृष्ण कुशवाहा एड.को फिर से अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ कवयित्री सुमनलता चांदनी, महामंत्री पद पर राधेश्याम ताम्रकार तथा कोषाध्यक्ष पद पर सरवर हिंदुस्तानी को चुना गया। साथ ही 11 सदस्यों का चयन किया गया और संरक्षक मंडल में डा.खेमचन्द्र वर्मा, रामप्रकाश शर्मा व वरिष्ठ शायर एम.आर. खान को मनोनीत किया गया। वक्ताओं ने वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि आज दुनिया को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध के सिद्धांतों की आवश्यकता है। शायरों और कवियों ने अपने-अपने अंदाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सरोकारों पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। रामकृष्ण कुशवाहा ने कहा कि बारूद की खेती अच्छी नहीं, बमों की बंद बरसात करो, हाथ तो बहुत मिलाया है, अब दिल मिलाने की बात करो।

### उद्योग विकास कार्यों के लिए संगठनों ने जिलाधिकारी को किया सम्मानित

# उद्यमियों को समस्याओं का त्वरित समाधान मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक कर जनपद में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाईयों की स्थापना और उद्यमियों को उद्योग अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों द्वारा उठायी गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और उन्हें उद्योगों के संचालन में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए।

जिस पर व्यापार बंधु की बैठक के दौरान महेन्द्र जैन मयूर, प्रदेश चेयरमेन द्वारा शहर में लगाये गए स्मार्ट मीटरों से परेशान व्यापारी व आम विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को उठाते हुए स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर को पोस्ट पेड मीटर में बदलने का अनुरोध किया गया, जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि विभागीय उच्च अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार उपभोक्ताओं की समस्या का निस्तारण कराया जाए। इसी प्रकार सुरेश बढ़ेरा, जिलाध्यक्ष ने भी विद्युत व पेयजल पाइपलाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़कों को ठीक कराने व केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दिलाकर पात्र व्यापारियों को लाभान्वित किये जाने का अनुरोध किया। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली बैठक में सभी अधिकारी अपने अपने विभाग की संचालित योजनाओं की लिखित सामग्री सहित व्यापारियों को जानकारी उपलब्ध करायेंगे। बैठक में उद्यनियो द्वारा औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में विद्युत की निर्वाद आपूर्ति के लिए एक अवर अभियन्ता एवं लाईन मेन की नियुक्ति के लिए पिछली बैठक में बात रखी गई थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को निर्देर्शित किया गया था जिसका अनुपालन विद्युत विभाग द्वारा कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जीबीसी रेडी इकाईयों से वार्ता की गई तथा उनको आने वाली समस्याओं के लिए सन्दर्भित विभाग को निर्देर्शित किया गया तथा विभिन्न विभागो को प्राप्त जीबीसी लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के लिए निर्देर्शित किया। अग्निशमन विभाग को उद्यमियों के साथ सहयोग प्रदान करने कहा। जिलाधिकारी द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत इकाइयों का पंजीकरण कराने की अपेक्षा की गई जिससे शासकीय सहायता मुहैया हो सके। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उद्योग क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों एवं विकास कार्यों के लिए उद्यमी संगठन द्वारा सम्मानित किया गया।

### दो अज्ञात युवकों ने मक्सी और शाजापुर के बीच दिया वारदात को अंजाम

# उज्जैन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से 80 लाख के जेवरात चोरी

### राजगढ़ स्थित अपने पीहर शादी में आ रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीना-नागदा ट्रेन में उज्जैन से ब्यावरा के लिए बैठी एक महिला का बैग काटकर अज्ञात युवकों द्वारा करीब 80 लाख के जेवरात चुरा लिए गए। पीड़ित महिला राजगढ़ स्थित अपने मायके में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने आ रही थी और इस दरमियान यह घटना हो गई। राजगढ़ आने के बाद जब महिला ने अपना बैग खोला तब इस बड़ी चोरी के बारे में जानकारी लग पाई। पीड़िता महिला अपने परिजनों के साथ ब्यावरा जीआरपी थाने पहुंची और पूरी आपबीती बताई। रविवार देर रात्रि तक ब्यावरा जीआरपी द्वारा इस बारे में मामला पंजीबद्ध किए जाने की कार्यवाही जारी थी।



#### उज्जैन से ट्रेन में बैठी थी महिला

जानकारी के अनुसार राजगढ़ के वार्ड-4 के पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया की बहन राजकुमारी पत्नी हुकम सुल्तानिया निवासी नालियाबाखल जिला उज्जैन शनिवार को बीना-नागदा ट्रेन में सवार होकर राजगढ़ आ रही थीं। महिला राजकुमारी के साथ उनकी बड़ी बहन आशा और बच्चे साथ थे। इनके पास तीन बड़े-बड़े बैग भी थे। रिजर्वेशन नहीं होने से तीनों जनरल कोच में बैठ गए। इस दौरान मक्सी के पास से दो लड़के भी इनके सामने की सीट पर आकर बैठ गए। दोनों लड़के इतने शातिर थे कि उन्होंने महिलाओं को जरा भी भनक नहीं लगने दी कि वे किस मंशा के साथ ट्रेन में चढ़े हैं।

#### राजगढ़ घर आने पर मालूम हुई चोरी की बात

पीड़िता महिला राजकुमारी, उनकी बहन राजगढ़ आ गए और सोमवार जब उन्होंने अपना बैग खोला तो वे अचंभित रह गईं। जिस बैग में आभूषण रखे हुए थे उसमें चाकू या किसी धारदार वस्तु से चाक लगे हुए थे और बैग में रखे सभी आभूषण गायब थे। यह देखकर राजकुमारी अचेत हो गई। बाद में परिजनों द्वारा जैसे-तैसे ढांढस देकर उन्हें चेतना में लाया गया। बाद में पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया और अन्य परिजन ब्यावरा देहात थाने पहुंचे और पूरे मामले की इत्तला दी।

#### यह जेवरात हुए हैं चोरी

पीड़िता महिला के अनुसार बैग से दो रानी हार, एक सोनी की चैन, चांदी का कमरबंद, गले के दो बड़े हार, अंगूठी, एक झुमकी सहित अन्य जेवरात चोरी हुए हैं। राजगढ़ शादी अटेंड करने के चलते वे इतने आभूषण अपने साथ ला रही थीं करीब 400 ग्राम सोने, चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं जिनकी कीमत करीब 80 लाख के आसपास बताई जा रही है। ब्यावरा जीआरपी पुलिस पूरे मामले की विवेचना में लगी हुई है।

## कार अनियंत्रित होकर टकराई, पिता पुत्र गंभीर घायल

**सारंगपुर।** इंदौर से सागर की ओर जा रहे पिता-पुत्र की कार सोमवार को नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी परेश पिता आदेश अपने पुत्र के साथ इंदौर से सागर जा रहे थे। सारंगपुर के पास पहुंचते ही अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर टकरा गया। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रविवार रात का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## जालपा जी के नजदीक राजगढ़ के युवक से मारपीट कर लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रविवार रात्रि क्षेत्र के प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ मां जालपा के दर्शन कर वापस लौट रहे राजगढ़ के युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित युवक ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात बदमाशों पर ऋकफ दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।



#### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार शहर के पुरा क्षेत्र निवासी शुभम पिता देवेंद्र जादव रविवार रात्रि अपनी स्कूटी से जालपा माता के दर्शन करने गया हुआ था। जब शुभम वापस लौट रहा था तभी रात्रि करीब 8.45 बजे देवझिरी और केके मेमोरियल स्कूल के बीच दो अज्ञात लोगों ने उसे रोका। एक बदमाश ने मुंह पर गमछा बांधा हुआ था और दूसरे की दाढ़ी बढ़ी हुई थी। शुभम ने समझा की कोई मदद के लिए रोक रहा है ऐसे में उसने अपनी स्कूटी रोक दी। स्कूटी रोकते ही दोनों अज्ञात लोग गाली-गलौज और मारपीट करने लगे और कांच के बॉटल शुभम के सिर पर मार दी। इस दौरान बदमाशों ने पीड़ित युवक के पास रखे 7 हजार 500 रूपए भी छीन लिए और अपनी मोटर साइकिल से भाग निकले।

#### कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया लूट का मामला

घटना के जैसे-तैसे पीड़ित शुभम अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। सभी थाने पहुंचे और इस संबंध में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर लूट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## 8 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 20 सचिवों वाली कांग्रेस की जंबोजेट कार्यकारिणी

### पार्टी जिलाध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा से की घोषणा

**राजगढ़।** पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने इंतजार के बाद रविवार रात्रि अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति उपरान्त यह कार्यकारिणी बनाई गई है। नवगठित कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, 12 महासचिव एवं 15 सचिव नियुक्त किए गए हैं। नवगठित कार्यकारिणी में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी राधेश्याम सौम्यतिया को सौंपी गई है वहीं विष्णु प्रसाद करोडिया कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिन आठ पदाधिकारियों को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है उनमें देवीसिंह दांगी खिलचीपुर, एडवोकेट आफताब अहमद खान ब्यावरा, राजेश रातलिया नरसिंहगढ़, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा राजगढ़, चैनसिंह गुर्जर ब्यावरा, महेंद्र यादव ब्यावरा, लीलाबाई ठेकेदार राजगढ़ व रचना भार्गव ब्यावरा शामिल हैं। नवीन कार्यकारिणी में जो 15 महासचिव बनाए गए हैं उनमें विश्वनाथ दांगी ब्यावरा, समीर खान सारंगपुर, अशोक वर्मा राजगढ़, राजेंद्र सिंह आमलाबे खिलचीपुर, घनश्याम राजपूत नरसिंहगढ़, लक्की दांगी ब्यावरा, हेमेंद्र सिंह चौहान सारंगपुर, रविंद्र मीणा नरसिंहगढ़, वीरेंद्र गुर्जर नरसिंहगढ़, राजेंद्र सिंह जाट सारंगपुर, पांचू लाल मालवीय खिलचीपुर, मोतीलाल लोधा ब्यावरा, हरिसिंह तंवर सारंगपुर, हेमेंद्र सिंह सौलंकी सारंगपुर, तरुण कुमार चौबे खिलचीपुर शामिल हैं।

## गिरफ्तारी के अंततः 10 दिन बाद राजगढ़ सीएमएचओ स्थानांतरित

### मूल पद पर शाजापुर किया तबादला

**राजगढ़।** लैब के संचालन के लिए 50 हजार रुपयों की रिश्वत की मांग करने वाली राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को को अंततः विभाग ने मूल पद पर शाजापुर स्थानांतरित कर दिया है। लोकायुक्त द्वारा गिरफ्तार किए जाने के 10 दिन बाद यह कार्यवाही हुई है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आयुक्त द्वारा सोमवार दोपहर इस संबंध में आदेश जारी किया गया। रिश्वत कांड में फंसी सीएमएचओ के सिर्फ तबादला होने को लेकर भी आमजनों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। जिले के स्वास्थ्य विभाग की मुखिया द्वारा रिश्वत मामले में फंसने के बाद उनके सस्पेंशन की मांग की जा रही थी।

## गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने राष्ट्र व्यापी आह्वान पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**जीरापुर।** गो माता के सम्मान में राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत नगर में रैली निकालकर गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने ज्ञापन सौंपा गया। पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गो माता की पूजा अर्चना कर रैली निकालकर कर तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से रैली प्रारंभ हुई जिसमें गौ माता एवं नन्दी को सजाकर जुलूस निकाला जो इंदर चौराहा स्वामी विवेकानंद चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा। जहां पर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए गो हत्या बंद हो जैसे नारे लगाए गए। तत्पश्चात पं अनुराग शर्मा महाराज ने ज्ञापन को पढ़कर सुनाया एवं तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपकर गो माता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने और गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। रैली में प्रमुख रूप से संत पं. गणेश शंकर आचार्य डग रोड़ बालाजी, दिनेश चंद्र नागर, पं. अनुराग शर्मा, कथा वाचक पं. कमल बिहारी नागर, गोविन्द शर्मा जटाशंकर आश्रम भण्ड़ावद, आचार्य रामेश्वर नागर, अर्थव तिवारी गोघटपुर, सत्यनारायण शास्त्री पिपल्या कुलमी, हरीश तिवारी सहित अन्य साधु-संतों और गौ भक्त शामिल हुए। ज्ञापन में उल्लेख किया कि गो सम्मान आह्वान अभियान के विषय में अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ। यह अभियान केवल एक संगठन का प्रयास नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के संत समाज, गोभक्तों और जागरूक नागरिकों की एक सामूहिक आवाज है।

## सवारी से भरे ऑटो में पिकअप ने पीछे से मारी टक्कर, 9 घायल

**जीरापुर।** मान्याखेड़ी पर पीकअप वाहन ने ऑटो रिक्शा वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार नौ लोगों घायल हो गए। जानकारी अनुसार सूरजपुरा लोधा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन से लौट रहे सवारी से भरे ऑटो को टेंट हाउस का सामान भरकर पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रण होकर घटनास्थल पर ही एक खेत में जाकर पलट गई। इस हादसे में 9 घायल हो गए। जिसमें से दो लोगों को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार उपरांत बाहर रैपर किया गया। जीरापुर के समीप मान्याखेड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे पर यह हादसा हुआ है।




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

मो. 8770833858, 8349245522